उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 27 फाल्गुन, शक संवत्, 1929

( दिनांक : 17 मार्च, 2008 )

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।

3. निधन के निदेश।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

(मुद्रित प्रतियां बाद में वितरित की जायेंगी)

5. सभापति, आश्वासन समिति, उत्तराखण्ड द्वितीय विधान सभा की आश्वासन समिति (2007-08) का दशम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

6. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद ऊधमसिंह नगर के मो0 हसन पुत्र श्री कुरबान अली निवासी वार्ड न0- 1 गुरूद्वारा वार्ड गदरपुर को दिनांक 22 अप्रैल, 2007 को फिरौती के उद्देश्य से अपहृत किये जाने व पुलिस द्वारा बरामदगी न किये जाने के संबंध में'' श्री कुरबान अली पुत्र श्री हाजी सुभान, एवं अन्य निवासीगण वार्ड न0 1 गुरूद्वारा कालोनी पोस्ट गदरपुर, अनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

8. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

9. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (संशोधन) विधेयक, 2008 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

12. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड (उत्तरांचल मूल्य वर्धित कर अधिनियम, 2005) (संशोधन) विधेयक, 2008 पारित किया जाय।

13. संसदीय कार्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियाँ और पेंशन) विधेयक, 2008 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

14. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियाँ और पेंशन) विधेयक, 2008 पारित किया जाय।

15. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय विधेयक, 2008 पर विचार किया जाय। (30 मिनट)

16. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय विधेयक, 2008 पारित किया जाय।

17. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

18. गंगा दर्शन मोड़ से श्रीनगर तक रोपवे निर्माण के संबंध में श्री बृजमोहन कोटवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2008 को दी गई सूचना पर, पर्यटन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

19. ग्राम दूरबिल तहसील बड़कोट, जिला उत्तरकाशी में नवम्बर, 2006 में हुए भीषण अग्निकाण्ड के लिये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत राहत राशि की जांच के संबंध में श्री केदार सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2008 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का केवल वक्तव्य।

20. जन-गण-मन। (देखिए नत्थी **"ग"**)

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 17 मार्च, 2008**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 27 फाल्गुन, शक संवत्, 1929

## ( दिनांक : 17 मार्च, 2008 )

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री मुन्ना सिंह चौहान
29–02–2008

**1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को दिये गये औद्योगिक पैकेज से आच्छादित उद्योगों को राज्य सरकार विद्युत किन दरों पर उपलब्ध करा रही है? क्या ये विद्युत दरें/टैरिफ अन्य अपभोक्ताओं की तुलना में कम हैं? यदि हाँ तो सब्सिडाइज्ड टैरिफ से राज्य सरकार या विद्युत निगम को कितना वित्तीय भार वहन करना पड़ रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

# नत्थी "ख"

## प्रथम सत्र, 2008 का द्वितीय सोमवार

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>17–01–2008 | *1. एक से अधिक विभाग होने के आधार पर निरस्त | |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>18–01–2008 | *2. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजधानी चयन आयोग का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है? यदि हाँ, तो क्यों? क्या सरकार आयोग की संस्तुति आने से पूर्व राजधानी चयन के प्रकरण पर निर्णय लेगी? यदि नहीं, तो आयोग की संस्तुति के बिना राजधानी चयन करने से क्या विधिक और व्यवहारिक कठिनाई है? स्थाई राजधानी का चयन कब तक कर लिया जायेगा? | सामान्य प्रशासन |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>18–01–2008 | *3. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के शहरों में इमारतों की ऊँचाई बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है? यदि हाँ, तो क्या उक्त निर्णय लिए जाने के पूर्व भूगर्भ–विशेषज्ञों/वैज्ञानिकों की राय ली गई है? यदि नहीं, तो भूकम्पीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में इमारतों की ऊँचाई बढ़ाये जाने का निर्णय लिए जाने का क्या औचित्य एवं आधार है? | आवास |
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>25–01–2008 | *4. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड ने अन्य राज्यों के साथ विद्युत बैंकिंग की कोई व्यवस्था की है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मुन्ना सिंह चौहान<br>25–01–2008 | ***5.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद–देहरादून के विकास खण्ड–विकासनगर के विन्हार क्षेत्र के निवासियों द्वारा विन्हारियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने की माँग लम्बे समय से की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उत्तरकाशी के रवाई क्षेत्र के निवासियों (रवाल्टा) तथा टिहरी के जौनपुर क्षेत्र के निवासियों (जौनपुरि) की तर्ज पर ही विन्हार क्षेत्र के निवासियों (विन्हारियों) को भी ओ0बी0सी0 घोषित करने पर विचार करेगी? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>05–02–2008 | ***6.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी स्थित मनेरी भाली परियोजना प्रथम चरण द्वारा प्रतिवर्ष औसतन कुल कितने मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त परियोजना के अनुरक्षण पर वर्ष 2002–03 से 31.12.2007 तक वर्षवार कुल कितना व्यय किया गया है? | **ऊर्जा** |
| श्री मयूख महर<br>05–02–2008 | ***7.** क्या गृह मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 धारचूला के ग्राम किमखौला में अनेक नेपाली नागरिक आकर रह रहे हैं? क्या यह सत्य है कि इन्होंने अनाधिकृत रूप से वन विभाग की भूमि में अपने आवास बनाये हैं? क्या सरकार के संज्ञान में है कि स्थानीय कर्मचारियों की मिली भगत से उन्हें इन्द्रा आवास तथा सरकारी राशन कार्ड उपलब्ध कराये गये हैं? क्या स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा बार–बार जिला प्रशासन से इस सम्बन्ध में शिकायत की गयी है? क्या यह भी सत्य है कि प्रशासन द्वारा आज तक कोई भी कार्यवाही इस सम्बन्ध में नहीं की गयी है? यदि हाँ तो क्या सरकार इस सम्पूर्ण प्रकरण की जांच कर जांच आख्या सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री ओम गोपाल<br>06–02–2008 | ***8.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड पुलिस में चयनित महिला/पुरूष सिपाहियों का प्रशिक्षण पंजाब में कराया गया था? यदि हाँ, तो क्या पंजाब में पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त सिपाहियों को स्तरीय प्रशिक्षण मिला? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रशिक्षण हेतु पंजाब सरकार को कितना धन दिया गया? सरकार द्वारा उत्तराखण्ड में उच्च कोटि के प्रशिक्षण केन्द्र यथा रिक्रूट ट्रेनिंग सेन्टर/पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र अब तक स्थापित न किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार उत्तराखण्ड में उच्च कोटि की आर0टी0सी0/पी0टी0सी0/ए0टी0सी0 आरम्भ करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>06–02–2008 | ***9.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकारी सेवाओं में भर्ती की अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 40 वर्ष करने पर विचार करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **कार्मिक** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर 07–02–2008 | *10. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 धारचूला में रह रहे नेपाली मूल के लोगों को ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र प्रदान किये गये हैं? यदि हाँ तो क्या समान सामाजिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों में वि0ख0 कनालीछीना में निवास कर रह रहे नेपाली मूल के लोगों को भी ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री मयूख महर 07–02–2008 | *11. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में अस्कोट क्षेत्र में खनन हेतु विदेशी कम्पनी गोल्ड माइन को भारत सरकार के पर्यावरण मन्त्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है, व प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन द्वारा इस कम्पनी को भूमिगत विस्फोटक प्रयोग करने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा अस्कोट क्षेत्र की बसासत की सुरक्षा एवं उनकी सम्पत्ति को होने वाली क्षति की सुरक्षा हेतु क्या व्यवस्था की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कम्पनी पर्यावरण नियमों के विरूद्व अनधिकृत रूप से विस्फोटकों का प्रयोग कर रही है? यदि हाँ तो सरकार उसके विरूद्व क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं तो क्यों? | उद्योग |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल 07–02–2008 | *12. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश की भांति सरकार प्रदेश में भी संगठित अपराध नियन्त्रण एक्ट लागू करने का विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल 07–02–2008 | *13. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में विद्युत उत्पादन का कितना प्रतिशत विद्युत लास (POWER LOSS) है? क्या सरकार इस को कम करने के लिए कोई उपाय कर रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा 08–02–2008 | *14. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट नगर पंचायत की नजूल भूमि को फ्री–होल्ड करने की योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इस योजना का काम कब से किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा 11–02–2008 | *15. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में प्रदेश के बाहर के लोंगो ने फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर मूल निवासी प्रमाण पत्र अर्जित किये गये हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार मूल निवास हेतु फर्जी प्रमाण धारकों के विरूद्व जांच करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सामान्य प्रशासन |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा 11–02–2008 | *16. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में राजीव गांधी विद्युतीकरण मिशन के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम अपने निर्धारित लक्ष्य से बहुत पीछे है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपदवार ब्यौरा उपलब्ध करायेगी? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>11–02–2008 | ***17.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विद्युत बिलों के वितरण, मीटर रीडिंग एवं ग्रामीण विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत लाइनों के रख–रखाव हेतु पूर्ववर्ती सरकार में नियत मानदेय पर नियुक्त महिला एवं पुरूष कर्मियों की सेवाऐं अब समाप्त कर दी गई हैं? यदि हाँ, तो क्या यह सत्य है कि जिसके कारण अनेक कर्मी बेरोजगार हो गये हैं और विद्युत बिलों के वितरण, मीटर रीडिंग एवं विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत लाइनों के रख–रखाव में काफी व्यवधान हो रहा है? यदि हाँ, तो इसके कारण क्या हैं और विद्युत बिलों के वितरण, मीटर रीडिंग एवं विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत लाइनों के रख–रखाव हेतु पूर्व व्यवस्था कब तक बहाल की जायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री ओम गोपाल<br>12–02–2008 | ***18.** क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि पुलिस विभाग में मृतक आश्रित सेवा योजना के सम्बन्ध में पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश सं0–1944/6–पु0–10–2006–1200(2)/01 टी0सी0, दि0 7–09–2006 को सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (सातवाँ संशोधन) नियमावली, 2006 द्वारा भर्ती के सामान्य नियमों को शिथिल करते हुए सरकारी सेवा में किसी पद पर ऐसे पद को छोड़कर जो उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परिधि में हों को उपयुक्त सेवायोजन प्रदान किया जायेगा? यदि ऐसा व्यक्ति (एक) पद के लिए विधित शैक्षिक अर्हतायें पूरी करता हो? क्या इस संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद के पत्र संख्या–18/ए–(सातवाँ संशोधन/मृतक आश्रित) 2006 दिनांक सितम्बर 24, 06 द्वारा पुलिस विभाग के समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्षों को शासनादेश का अनुपालन करने के निदेश दिये गये है? क्या यह सत्य है कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण के पश्चात् पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड ने एक विभागीय बैठक आहूत कर दि0 4–10–2002 को शासनादेश को अतिक्रमित कर निर्णय लिया कि मृतक आश्रितों को उपनिरीक्षक ना0 पु0/प्लाटून कमाण्डर/महिला उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों पर सेवायोजन प्रदान न करके सिर्फ सिपाही पदों पर सेवायोजन किया जायेगा? यदि हाँ, तो क्या पुलिस महानिदेशक को उपरोक्त शासनादेश को अतिक्रमित करने का अधिकार है? यदि नहीं, तो इसके लिए उत्तरदायी पुलिस अधिकारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्री ओम गोपाल<br>12–02–2008 | ***19.** क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि टिहरी बांध से उत्पादित 2440 मेगावाट की विद्युत लाइनें नरेन्द्रनगर विधान सभा क्षेत्र की ग्रामीण आबादी से होकर गुजर रही हैं? क्या उक्त विद्युत लाइनों से ग्रामीण आबादी में जान–माल को खतरा है? यदि हाँ, तो उक्त ग्रामीण आबादी क्षेत्र 2440 मेगावाट की लाइनों से गुजरने वाले गांवों को जन–धन हानि से बचाने के लिए क्या वहां के निवासियों को अन्यत्र पुनर्वासित किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह<br>13–02–2008 | ***20.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दुर्गम एवं सीमान्त क्षेत्रों में कार्यरत राज्य कर्मचारियों के विशेष भत्ते में वृद्धि की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय ले लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>05–02–2008 | **1.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में स्व0 रायफलमैन विपिन शाह नं0 4088726 के शहीद होने पर भटवाड़ी–वन्द्राणी–रैथल मोटर मार्ग तथा रा0इ0का0 भटवाड़ी का नाम स्व0 विपिन शाह के नाम से रखे जाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>07–02–2008 | **1.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रामचन्द्र उनियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी में एम0ए0 समाजशास्त्र व गृह विज्ञान का नया पाठ्यक्रम संचालित किया जायेगा? यदि हाँ तो कब से? यदि नहीं तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>07–02–2008 | **2.** क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वि0ख0 गदरपुर व वि0ख0 रूद्रपुर जनपद उधम सिंह नगर में स्थित ईंट भट्टों द्वारा मिट्टी खुदान हेतु विभागीय अनुमति ली जाती है? यदि हाँ, तो मिट्टी खुदान की अनुमति हेतु क्या विभागीय प्रक्रिया है? नहीं, तो क्यों? | उद्योग |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>07–02–2008 | **3.** क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधम सिंह नगर के प्रस्तावित रूद्रपुर–पन्तनगर महानगर योजना में कौन–कौन से राजस्व ग्रामों को शामिल किया गया है एवं ग्राम पंचायत दानपुर व बिन्दुखेड़ा (वि0ख0 रूद्रपुर) में निर्माणाधीन आवास योजनाएं प्रस्तावित महानगर योजना में शामिल हैं? क्या सरकार द्वारा उपरोक्त आवासीय योजना से भू–उच्चीकरण शुल्क लिया गया है? यदि हाँ, तो इनसे कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>07–02–2008 | **4.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधम सिंह नगर में वर्ष 2007–2008 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत कितनी धनराशि कार्यदायी संस्थाओं को निर्गत की जा चुकी है? | समाज कल्याण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–02–2008 | **5.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित थारू जन जाति आई.टी.आई. खटीमा जिला उधमसिंह नगर में डीज़ल मैकेनिक तथा इलैक्ट्रीशियन के ट्रेड विभाग द्वारा स्वीकृत हैं? यदि हाँ, तो स्वीकृत ट्रेड्स में अनुदेशक की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>07–02–2008 | **6.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि रा0 बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा उधमसिंह नगर रा0 आश्रम पद्धति विद्यालय विडौरा के नव निर्मित भवन में संचालित हो रहा है, जबकि रा0 बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा उधमसिंह नगर हेतु ग्राम अमाऊँ तहसील खटीमा जिला उधमसिंह नगर का सरकारी बाग रक्बा 7 बीघा राजस्व विभाग द्वारा समाज कल्याण विभाग को हस्तान्तरित कर दिया गया है तथा तीन कमरे का छात्रावास बालिकाओं हेतु निर्मित हो चुके हैं? यदि हाँ, तो क्या रा0 बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा उधमसिंह नगर हेतु विद्यालय भवन निर्माण की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री गणेश जोशी<br>07–02–2008 | **7.** **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त** | |
| श्री गणेश जोशी<br>07–02–2008 | **8.** क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र राजपुर के अन्तर्गत हाथीबड़कला सालावाला के मध्य बहने वाले नाले से आवासीय भवनों एवं भूमि की प्रतिवर्ष क्षति हो रही है? क्या यह सत्य है कि उक्त नाले के कारण अप्रत्याशित नुकसान से क्षेत्रवासी भयभीत एवं असुरक्षित महसूस कर रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में पानी बहाव को रोकने के लिए सुरक्षा दीवार का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | नगर विकास |
| श्रीमती अमृता रावत<br>07–02–2008 | **9.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोंखाल के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल में बी.एस.सी. स्तर पर विज्ञान संकाय का अभाव है एवं महाविद्यालय में शिक्षकों की तैनाती भी अत्यधिक न्यून है? क्या यह सत्य है कि उक्त प्रकरण शासन स्तर पर लम्बित है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार कब तक सकारात्मक निर्णय लेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्रीमती अमृता रावत<br>07–02–2008 | **10.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार के शासनकाल में राज्य के हैलीकॉप्टर द्वारा किस–किस प्रयोजन हेतु किस–किस क्षेत्र की यात्रा की गई है तथा कितने मूल्य का ईंधन उपयोग में लाया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि हैलीकॉप्टर के रख–रखाव पर अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है? | नागरिक उड्डयन |
| श्री केदार सिंह रावत<br>07–02–2008 | **11.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रवॉल्टा और जौनपुरी समुदाय को केन्द्रीय अनुसूची की पिछड़ा वर्ग श्रेणी में सम्मिलित करने हेतु सरकार केन्द्रीय सरकार से संस्तुति करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक संस्तुति कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>08–02–2008 | **12.** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत नगर पंचायत चम्पावत को नगर पालिका का दर्जा दिये जाने हेतु कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो सरकार कब तक कार्यवाही पूरी कर लेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा 08–02–2008 | **13.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट तहसील में अंग्रेज़ों के शासनकाल से एक छोटा सा बन्दीगृह बना हुआ है? क्या यह सत्य है कि इस बन्दीगृह की जर्जर स्थिति, असुरक्षित व दूषित वातावरण के कारण अनेक बन्दी रोगग्रस्त हो गये हैं व कई बन्दी भाग भी गये हैं? क्या सरकार उक्त बन्दीगृह के सुधारीकरण पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त स्थिति में सुधार कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय गुरू के अता0 प्रश्न–2 में स्थानांतरित** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी 08–02–2008 | **14.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में द्वाराहाट तहसील अन्तर्गत मटेला–बिन्ता–सुरना मोटर मार्ग एवं कफड़ा–छब्बीसा मोटर मार्ग की स्वीकृति कब दी गयी थी और उक्त मोटर मार्गों की अद्यतन स्थिति क्या है? क्या मोटर मार्ग पर यातायात प्रारम्भ हो गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी 08–02–2008 | **15.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा कितने राज्य आन्दोलनकारियों को अभी तक विभागवार सरकारी सेवाओं में समायोजित किया गया है? क्या यह सत्य है कि अल्मोड़ा जिले में अधिकांश आन्दोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति नहीं दी गयी है? यदि हाँ, तो क्यों? | गृह |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल 08–02–2008 | **16.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंहनगर के अन्तर्गत मार्च 2007 से अब तक सड़क दुर्घटनाओं में मारे गये कितने मृतक आश्रितों और गम्भीर रूप से घायलों को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सहायता राशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से अवमुक्त की गयी? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल 08–02–2008 | **17.** क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला उधमसिंहनगर की जसपुर विधान सभा अन्तर्गत काशीपुर मेन रोड कुण्डा चौराह से ग्राम लालपुर तक लगभग 1 कि0मी0 तक क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने जा रही है? यदि हाँ तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा 08–02–2008 | **18.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उधमसिंह नगर के अन्तर्गत खटीमा नगर हेतु बाई पास मोटर मार्ग निर्माण कराये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा 08–02–2008 | **19.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर रा.आ.प. विद्यालय विडौरा, खटीमा, रा. कन्या आश्रम पद्धति विद्यालय खटीमा, रा.आ.प. विद्यालय गदरपुर तथा रा.कन्या आश्रम पद्धति गदरपुर के उच्चीकरण कराये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त विद्यालयों का उच्चीकरण कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेश जुवांठा<br>11–02–2008 | **20.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के लोक निर्माण विभाग में अनुसूचित जाति के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवम् चतुर्थ श्रेणी के कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन पदों के नियुक्तियों पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री राजेश जुवांठा<br>11–02–2008 | **21.** क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के कारागारों में सुरक्षा एवं सुविधा सम्बन्धी नियम देश की आजादी से पूर्व के प्रचलित हैं? क्या सरकार सहमत हैं कि आधुनिक युग को देखते हुए जो सुविधायें बन्द कैदियों को प्रदान की जा रही हैं वह पर्याप्त नहीं हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार कारागारों में बन्द कैदियों को दी जा रही सुविधाओं में परिवर्तन करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गृह |
| श्रीमती अमृता रावत<br>12–02–2008 | **22.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से मोटर अथवा हल्का वाहन मार्ग हैं जो यातायात के लिए पूर्ण तथा आंशिक रूप से बन्द हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन मार्गों के बन्द होने की अवधि क्या है तथा ये मार्ग कब तक यातायात हेतु उपलब्ध हो जायेंगे? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मार्गों के लम्बी अवधि से यातायात हेतु बन्द रहने के कारणों के लिए कौन उत्तरदायी है? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>12–02–2008 | **23.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूर्व सरकार के कार्यकाल में जिन मोटर मार्गों का डामरीकरण/निर्माण किया जा चुका है उन मार्गों के डामरीकरण/निर्माण हेतु फिर से स्वीकृतियां जारी कर दी गई है? यदि हाँ तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार के शासन काल में मोटर मार्गों के डामरीकरण, सुधार, निर्माण अथवा विस्तार हेतु जारी की गई स्वीकृतियों, मार्ग की लम्बाई तथा मार्गवार स्वीकृत धनराशि का विवरण क्या है? | स्थगित |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>12–02–2008 | **24.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री में मोटरमार्गों के निर्माण से भूमि अधिग्रहण तथा दबान प्रतिकर भुगतान के कितने मामले लम्बित हैं तथा लम्बित भुगतान कब तक करा दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>13–02–2008 | **25.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बालिकाओं को महाविद्यालय स्तर तक मुफ्त शिक्षा देने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>13–02–2008 | **26.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लोक निर्माण विभाग में कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था लागू होने के पश्चात् वर्ष 2000 से विभिन्न खण्डों/वृत्तों में कितने कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यरत हैं? क्या सरकार लगभग 8 वर्षों से कार्यरत इन कम्प्यूटर ऑपरेटरों का नियमितीकरण किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>13–02–2008 | **27.** क्या वित्त मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य में केन्द्र सरकार की तर्ज पर 01 अक्टूबर 2005 से नवनियुक्त राज्य कर्मियों पर अंशदायी पेंशन योजना लागू की गई है? क्या यह सत्य है कि केन्द्रीय सरकार की नई पेंशन योजना के सभी बिन्दुओं को लागू किया गया है, लेकिन पुरानी सेवा जोड़ने के प्रावधान को राज्य सरकार द्वारा लागू नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो क्या राज्य सरकार केन्द्रीय सरकार की नई पेंशन योजना के अनुरूप, राज्य की पेंशन योजना में प्राविधान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>14–02–2008 | **28.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विकास खण्ड अगस्त्यमुनि में महिला पॉलिटैक्निक खोलने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>14–02–2008 | **29.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग की तहसील ऊखीमठ में भूतपूर्व सैनिकों के लिए विश्रामगृह निर्माण किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक निर्माण करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | सैनिक कल्याण |
| श्रीमती अमृता रावत<br>14–02–2008 | **30.** क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विकास खण्ड वार ऐसे कितने आंगनवाड़ी केन्द्र हैं जिनके लिए अभी तक भवनों का निर्माण नहीं किया गया है? क्या सरकार द्वारा उक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण करवाए जाने की कोई योजना है? यदि हाँ, तो कब तक सरकार शेष आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए भवन निर्माण करवाएगी? | बाल विकास |
| श्री यशपाल आर्य<br>14–02–2008 | **31.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के मुक्तेश्वर नामक स्थान को अतिदुर्गम क्षेत्र घोषित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इसे अतिदुर्गम क्षेत्र घोषित कर दिया जायेगा? | समाज कल्याण |
| श्री यशपाल आर्य<br>14–02–2008 | **32.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के तहत स्वीकृत मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिए मोटर मार्गों की एन0पी0वी0 की धनराशि अभी तक अवमुक्त नहीं की गई है? यदि हाँ, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि ऐसे कितने मोटर मार्ग हैं तथा कब तक एन0पी0वी0 की धनराशि वन विभाग को उपलब्ध करा दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री यशपाल आर्य<br>14–02–2008 | **33.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र मुक्तेश्वर के अन्तर्गत स्वीकृत पंगूट–कुंजाखरक 19 कि0मी0 हल्के वाहन मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तित कर दिया गया है? क्या यह सत्य है कि उक्त मार्ग के संरेखण में बांज वृक्षों की संख्या अत्यधिक है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वीकृत कार्य की धनराशि को, मौजूदा मार्ग की चौड़ाई में ही सुधारीकरण हेतु शासनादेश में संशोधन जारी करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>14–02–2008 | **34.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के कुमाऊँ इंजी0 कालेज–द्वाराहाट में सिविल इंजीनियरिंग इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी0टैक तथा पूर्व में चल रहे सभी प्रशिक्षणों में एम0टैक खोले जाने की स्वीकृति कब तक दे दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>14–02–2008 | **35.** क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमाऊँ इंजीनियरिंग कालेज–द्वाराहाट (अल्मोड़ा) तथा गोविन्द बल्लभ पन्त इंजीनियरिंग कालेज–पौड़ी (पौड़ी गढ़वाल) में प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के रिक्त पदों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इन कालेजों में रिक्त पदों पर नियुक्ति कब तक कर ली जायेगी? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>14–02–2008 | **36.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के विकास खण्ड–चौखुटिया में ग्राम सभा खजुरानी, चनौला, पाखाखरक, मल्ला गजार, तल्ला गजार में विद्युतीकरण हो चुका है? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>15–02–2008 | **37.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी अन्तर्गत उपला टकनौर क्षेत्र के सात गांवों के निवासियों तथा सीमा पर तैनात सेना के जवानों को शीतकाल में डवराणी से आगे आने जाने में बर्फ के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार सड़क पर गिरने वाली बर्फ को हटाने के लिए 'स्नो कटर' की व्यवस्था करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री तिलक राज बेहड़<br>15–02–2008 | **38.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के अन्दर नये पुलिस थाने बनाने व पुलिस चौकियों के उच्चीकरण का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो नये थाने कब तक खोले दिये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री तिलक राज बेहड़<br>15–02–2008 | **39.** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के अन्दर अधिक आबादी वाले शहरों में नगरपालिकाओं को नगर निगम या महापालिका बनाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>18–02–2008 | **40.** **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| हाजी तसलीम अहमद<br>18–02–2008 | **41.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार, गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने वाली संस्था क्रिस्ट ज्योति एकेडमी पथरी (टिहरी बांध विस्थापित) जिला हरिद्वार को तत्काल विद्युत कनैक्शन स्वीकृत कर संस्था का विद्युतीकरण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| हाजी तसलीम अहमद<br>18–02–2008 | **42.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनहित में विधान सभा क्षेत्र–लालढांग जिला हरिद्वार के ग्राम गैंडीखाता–लालढांग रोड से ग्राम मिठीबेरी के मजरे मंगोलपुरा, रसूलपुर, डंडढियानवाला तक क्षतिग्रस्त लगभग 12 कि0मी0 मार्ग का चौड़ीकरण व नवनिर्माण रवासन नदी पर पुल निर्माण तथा ग्राम सुल्तानपुर आदमपुर से पचेवली महादेव मन्दिर होते हुए ग्राम दरगाहपुर से ग्राम रायसी रेलवे स्टेशन तक लगभग 10 कि0मी0 मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>18–02–2008 | **43.** **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त** | |
| हाजी तसलीम अहमद<br>18–02–2008 | **44.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बी.पी.एल. परिवारों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र–लालढांग जिला हरिद्वार के ग्राम सुल्तानपुर आदमपुर, मौ0पुर कुन्हारी, भिक्कमपुर जीतपुर, निरंजनपुर, भोगपुर, धनपुरा, पदार्था, संराय, श्यामपुर, कांगड़ी, जमालपुर, गाडोवाली आदि गांव का विद्युतीकरण किया गया था? यदि हाँ, तो क्या यह सत्य है कि ट्रांसफार्मर फुँकने और लाईन में फाल्ट होने के कारण अधिकांश बी.पी.एल. परिवार विद्युत के उपयोग से वंचित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त ग्रामों में विद्युत दोषों को दूर करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>19–02–2008 | **45.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में रामचन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी में बी.एड. व एल.एल.बी. पाठ्क्रम कब से प्रारम्भ कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| हाजी तसलीम अहमद<br>19–02–2008 | **46.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विद्युत वितरण खण्ड हरिद्वार ने ग्राम सुल्तानपुर आदमपुर जिला हरिद्वार के ट्यूबवैल कनैक्शन संख्या–14 एस–1/22735 नसीरपुरखुर्द को अन्तिम रूप से बन्द कराने के लिए दिनांक–03/08/2000 को शपथ पत्र देकर व पी.डी. कराने के बाद बन्द किए जाने के अनुरोध के बाद भी कनैक्शन विच्छेद नहीं किया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार कनैक्शन को अन्तिम रूप से बन्द करने का आदेश देने और भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही को रोकने के लिए कोई कदम उठायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री महेन्द्र सिंह माहरा<br>21–02–2008 | **47.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत प्रयोगशाला सहायकों को सरकार पदोन्नति अथवा समायोजित करने के सम्बन्ध में कोई नीति–निर्धारण करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ओम गोपाल<br>22–02–2008 | **48.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि कुमाऊँ इंजीनियरिंग कालेज द्वाराहाट का नाम उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के जाने माने आन्दोलनकारी स्व0 श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी जी के नाम पर किये जाने हेतु तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा आदेश दिये गये थे? यदि हाँ, तो सरकार उक्त आदेश का कियान्वयन कब तक सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **तकनीकी शिक्षा** |
| श्री ओम गोपाल<br>22–02–2008 | **49.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत जनपद टिहरी एवं अल्मोड़ा में विद्युतीकरण का कार्य किस कार्यदायी संस्था द्वारा करवाया जा रहा है? क्या कार्यदायी संस्था द्वारा विद्युतीकरण नियत समय में पूरा कर लिया गया है? यदि नहीं, तो कब तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा? | **ऊर्जा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>22–02–2008 | **50.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ऐसी पंजीकृत कुल कितनी ऐजेंसी हैं जो सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों को मानव संसाधन उपलब्ध करा रही हैं? क्या सरकार ऐसी एजेंसी बनाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय शुक्र के अता0 प्रश्न–1 में स्थानांतरित** |
| श्री गणेश जोशी<br>25–02–2008 | **51.** क्या सूचना मंत्री अवगत हैं कि पत्रकारों के कल्याण हेतु पत्रकार कल्याण कोष की स्थापना की गयी है? यदि हाँ, तो पत्रकार आश्रित हित लाभ के मानक क्या हैं एवं इस कोष से आज तक कितने पत्रकारों के आश्रितों को योजना का लाभ पहुंचा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार पत्रकारों के लिए आवासीय कॉलोनी बनाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सूचना** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>26–02–2008 | **52.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता का मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र दिनांक 22–12–07 जो भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़कों/सी0सी0रोड के निर्माण के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गयी? सरकार कब तक उक्त सड़कों का निर्माण करेगी? यदि नहीं तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>26–02–2008 | **53.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नकर्ता का मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र दिनांक 22–12–07 जो रतमअ नदी पर मजाहदपुर सतीकला में पुल के निर्माण के सम्बन्ध में है जिसकी प्रतिलिपि मुख्य सचिव उत्तराखण्ड को प्रेषित की गयी है विभाग को प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो पत्र में वर्णित बिन्दुओं पर क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>25–02–2008 | **54.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के चार धामों के मुख्य यात्रा द्वार के दृष्टिगत जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त योजना कब तक कियान्वित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>25–02–2008 | **55.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विकास खण्ड रायपुर के ग्राम पंचायत सनगांव, सिंधलगांव, नांहीकलां, हल्द्वाड़ी आदि क्षेत्रों को जोड़ने हेतु विदालना नदी पुल बनाये जाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ तो उक्त पुल का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मनोज तिवारी<br>26–02–2008 | **56.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में शामिल अल्मोड़ा जिले में आईकॉम कम्पनी द्वारा विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है या नहीं? यदि नहीं, तो क्यों? | ऊर्जा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>28–02–2008 | **57.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली विधान सभा क्षेत्र में ऐसे कितने और कौन–कौन से मोटर मार्ग अथवा हल्का वाहन मार्ग हैं जो अपूर्ण हैं एवं इन मार्गों की स्वीकृति कब–कब हुई और कितने किलोमीटर मार्ग अब तक निर्मित किये गये हैं और कितने किलोमीटर मोटर मार्ग निर्माण अवशेष हैं क्या सरकार अवशेष मोटर मार्गों का निर्माण यथाशीघ्र करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी<br>28–02–2008 | **58.** क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में नगर निगम व नगरपालिकाओं में मानकों के अनुरूप सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है? यदि हाँ, तो क्या सरकार नगर निगम व नगर पालिकाओं में सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03–03–2008 | **59.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विद्यालयों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बच्चों को दी जा रही छात्रवृत्ति की भांति पिछड़े वर्ग के बच्चों को भी छात्रवृत्ति दिए जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>03–03–2008 | **60.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि क्या जनपद अल्मोड़ा के सल्ट तहसील में नवसृजित लो0नि0वि0 के निर्माण खण्ड को स्थानांतरित किया जा रहा है? यदि हाँ, तो स्थानांतरित किये जाने के क्या कारण हैं? | लोक निर्माण |
| श्री रणजीत सिंह रावत<br>03–03–2008 | **61.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में मरचूला डोटियाल मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं हॉटमिक्स का कार्य पूर्ण हो गया है? यदि नहीं, तो शेष कार्य कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>01–02–2008 | **62.** | क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आगामी कुंभ मेला निधि में से जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत नगर विकास से गत अर्द्ध कुंभ निधि द्वारा निर्मित लकसर से रूड़की, लकसर से हरिद्वार तथा खानपुर से दल्लावाला तक सम्पर्क मार्गों का पुनर्निर्माण/सुदृढ़ीकरण कराया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>22–01–2008 | **63.** | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग ''रूड़की से लक्सर मार्ग'' के सुदृढ़ीकरण का कार्य, कुम्भ मेला 2010 के अन्तर्गत कराया जायेगा? यदि हाँ, तो उक्त मार्ग पर निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>30–01–2008 | **64.** | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आगामी कुंभ मेला निधि के बजट से लकसर (जनपद हरिद्वार) में स्थित रेलवे समपार पर उपरगामी सेतु का निर्माण नगर विकास के द्वारा कराया जाएगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>11–02–2008 | **65.** | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में हर्षिल इनर लाईन खुलवाने का प्रस्ताव प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार को प्रेषित किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा क्या निर्णय प्राप्त हुआ है? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |

उत्तराखण्ड विधान सभा

# नत्थी "ग"

# राष्ट्र-गान

जन-गण-मन-अधिनायक जय हे।

भारत-भाग्य-विधाता।।

पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा

द्राविड़-उत्कल-बंग।

विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा,

उच्छल-जलधि-तरंग।।

तव शुभ नामे जागे,

तव शुभ आशिष मांगे।।

गाहे तव जय गाथा।।

जन-गण-मंगलदायक जय हे,

भारत-भाग्य-विधाता।।

जय हे, जय हे, जय हे,

जय जय जय, जय हे।।